# नरदेव कंवर को भवन कामगार कल्याण बोर्ड अध्यक्ष का बनाया चैयरमैन

## हिमाचल प्रदेश के सीएम श्री सुखविंदर सिंह सुक्खु ने उनका बड़ा औधा देखकर सम्मानित किया

तेजयुग न्यूज

**चंडीगढ़:** नरदेव कंवर को भवन कामगार कल्याण बोर्ड अध्यक्ष चैयरमैन बनाया गया आज 16 मार्च नरदेव कंवर जो कि कांग्रेस से काफी सालों से जुड़े हुए थे उनको आज भवन कामगार कल्याण बोर्ड का अध्यक्ष बनाकर हिमाचल प्रदेश के चीफ मिनिस्टर श्री सुखविंदर सिंह सुकु जी ने उनका बड़ा औधा देखकर सम्मानित किया वह काफी समय से कांग्रेस पार्टी से जुड़े हुए थे और सुखविंदर सिंह के बहुत करीबी माने जाते हैं नरदेब कंवर नादौन के पास रहने वाले हैं उनकी कुछ शिक्षा हरिपुर जिला कांगड़ा में हुई।



उन्होंने शिमला यूनिवर्सिटी से पढ़ाई की पढ़ाई के साथ-साथ वह काफी अच्छे खिलाड़ी भी है क्रिकेट और हॉकी के, साथ में वह एन,आई, एस ,यू के प्रधान भी रह चुके हैं उसके बाद उनको मत्स्य पालन विभाग का भी एक अच्छा पद दिया गया था उनकी मेहनत और लगन देखकर हिमाचल प्रदेश के चीफ मिनिस्टर सुखविंदर सिंह सुक्खू जी ने उनको अध्यक्ष का एक बहुत बड़ा औधा देखकर उनके मान सम्मान और लोगों की शुभकामनाएं और उनकी मेहनत का फल आज लाया है उन्होंने जिला कांगड़ा देहरा ब्लॉक में काफी लोगों की समस्या सुनी है समस्याओं का निवारण किया है लोगों के घर घर पहुंच कर उनके साथ अपना दुख दर्द बांटा है और सबको अपना समझकर उन्होंने सबका काम किया है और वह दिन-रात लोगों की सेवा में लगे रहते थे।

उनके साथ देहरा की सारी जनता उनके साथ दे रही थी और देहरा और कांगड़ा के जितने भी नई पीढ़ी के नौजवान उनके साथ हाथ से हाथ और कंधा मिलाकर चल रहे हे काफी सालों से यह मेहनत करने के बाद उनको सफलता हासिल हुई है उन्हें कई बार विधायक ,एमएलए का टिकट देने की कोशिश की गई मगर वह असफल रही बीच में कोई ना कोई अड़ंगा पड़ जाता था नहीं तो वह काफी मत, वोटो से विधायक बने होते और आज शायद वह किसी विभाग के मंत्री भी होते अगर भगवान ने चाहा तो वह भी दिन आएगा एक दिन उनका विधायक, एमएलए का पद और मंत्री पद भी मिल जाएगा।

# पीएम मोदी के समर्थन में मतदान करेगी जनता : जितेंदरपाल मल्होत्रा

## भाजपा प्रदेशाध्यक्ष ने डा.बीआर अंबेडकर जिला में किया मेरा बूथ सबसे मजबूत का शंखनाद

तेजयुग न्यूज

**चंडीगढ़:** भाजपा प्रदेशाध्यक्ष जितेंदरपाल मल्होत्रा ने रविवार को डॉ. भीमराव अंबेडकर जिला के मंडल नंबर 28 में बूथ नंबर 1,2,3,4 में बूथ सम्मेलन में मेरा बूथ सबसे मजबूत का शंखनाद दिया। इस अवसर पर उनके साथ प्रदेश महामंत्री हुकुमचंद, प्रदेश सचिव संजीव राणा एवं जिला अध्यक्ष रवि रावत, जिला उपाध्यक्ष राजकुमार राणा एवं मंडल के प्रभारी कुलमीत सोढ़ी, किसान मोर्चा से प्रदेश उपाध्यक्ष रूपेंद्र राणा ,एससी मोर्चा से प्रदेश महामंत्री संजय टांक, मंडल प्रधान कृष्ण गर्ग, मंडल महामंत्री उदय राज यादव एवं मंडल के सभी सदस्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में बूथ सदस्यों ने भाग लिया।




युवाओं में जोश भरते हुए प्रदेशाध्यक्ष जितेंद्रपाल मल्होत्रा ने कहा कि देश में लोकसभा के चुनावों की घोषणा हो चुकी है। लोगों को सतर्क रहना होगा,क्योंकि कांग्रेस और आम आदमी पार्टी जैसे दल लोगों को गुमराह कर वोट हासिल करना चाहेंगे। उन्हें पूरा यकीन है कि चंडीगढ़ की जनता ही नहीं,बल्कि समस्त देशवासी लोकप्रिय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकास के माडल को देखकर भाजपा के समर्थन में मतदान करेंगे। उन्होंने कहा कि पिछले एक दशक में भारत ने विकासकारी और जनहित की योजनाओं में रफ्तार पकड़ी है। सड़कों का जाल, फ्लाईओवर, अंडरपास और अन्य विकास कार्यों को काफी तीव्रगति से अमलीजामा पहनाया गया है। उन्होंने कहा कि भगवान श्रीराम जन्मभूमि पर भव्य दरबार में श्रीरामलला विराजमान हो इसका इंतजार 500 वर्षों से था।यह सपना पूरा होने के साथ जम्मू-कश्मीर में आर्टिकल 370 हटाने का काम हुआ।

भाजपा के प्रदेश महामंत्री हुकुम चंद और प्रदेश सचिव संजीव राणा ने कहा कि स्वास्थ्य और उद्योग के क्षेत्र में भारत के कदम पिछले एक दशक में लगातार आगे बढ़ते रहे। अब भविष्य की योजनाओं को पूरा करने के लिए देश की जनता मोदी के साथ खड़ी दिख रही है। लोगों में मोदी के प्रति विश्वास पैदा हुआ है। उनकी गारंटी को लोगों ने माना है,लेकिन विपक्ष कोरे हथकंडों के नाम पर देश की जनता से समर्थन चाहता है। उन्हें पूरा विश्वास है कि जनता ही इन्हें उचित जवाब मोदी के समर्थन में मतदान से देगी।जिलाध्यक्ष रवि रावत ने कहा कि स्पष्ट है कि भाजपा इस बार 400 का आंकड़ा पार कर प्रचंड बहुमत से सत्ता में आएगी।

# बरगाड़ी बेअदबी मामले में डेरा प्रमुख व किसी अनुयायी की नहीं है संलिप्तता

तेजयुग न्यूज

**चंडीगढ़ :** बरगाड़ी बेअदबी मामले में डेरा सच्चा सौदा सिरसा ने आरोपों को निराधार बताया है। डेरा के प्रवक्ता एडवोकेट जितेंद्र खुराना का कहना है कि प्रदीप कलेर द्वारा दिया गया ब्यान गलत और निराधार है। डेरा प्रमुख गुरमीत सिंह, हनीप्रीत और किसी भी डेरा अनुयायी की बेअदबी मामले में कोई संलिप्तता नहीं है। सिरसा डेरा प्रमुख ने हमेशा सभी धर्मो का सम्मान किया है।

उन्होंने बताया कि यह पहली बार नहीं है जब इस तरह के झूठे आरोप लगाए गए हैं। एसआईटी ने महेंद्रपाल बिट्टो से धारा 164 के तहत बयान भी दिलवाया था, जिसे बाद में सीबीआई ने बिल्कुल झूठा साबित कर दिया था। सीबीआई ने इस मामले की बहुत विस्तृत जांच की थी, जिसमें तथ्यों को सत्यापित करने और इस मामले को रद्द करने के लिए वैज्ञानिक तरीकों जैसे लिखावट परीक्षण, पॉलीग्राफ परीक्षण, डंप डेटा, मोबाइल सीडीआर आदि शामिल थे। इस मामले की क्लोजर रिपोर्ट पेश करते समय, मोहाली की सीबीआई अदालत ने स्पष्ट रूप से कहा कि इसमें डेरा के किसी भी सदस्य या डेरा प्रमुख की किसी भी तरह की कोई संलिप्तता नहीं थी।

सीबीआई ने यह भी स्पष्ट किया कि बिट्टो को धारा 164 के तहत दिए गए झूठे बयान देने के लिए प्रताड़ित किया गया था। एसआईटी को सीबीआई द्वारा क्लोजर रिपोर्ट सौंपे जाने की जानकारी मिली, उसने जांच सीबीआई से वापस ले ली, जो नहीं किया जा सकता। इस मुद्दे पर पूज्य गुरूजी ने माननीय उच्च न्यायालय में याचिका प्रस्तुत की थी। याचिका पर सुनवाई के बाद न्यायालय ने इस मामले की कार्यवाही पर रोक लगा दी है।

# रूस-यूक्रेन से युवाओं की वापसी की गारंटी क्यों नहीं लेती सरकार : सैलजा

**चंडीगढ़।** कांग्रेस की राष्ट्रीय महासचिव कुमारी सैलजा ने कहा कि पर गारंटी का ढिंढोरा पीटने वाली भाजपा सरकार रूस-यूक्रेन में धोखे से फंसा दिए गए हरियाणा के युवाओं की तत्काल वापसी की गारंटी क्यों नहीं ले रही। कुमारी सैलजा ने भाजपा सरकार व इसके नेताओं की कथनी-करनी में जमीन-आसमान के अंतर पर तीखे कटाक्ष किए।प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व मुख्यमंत्री नायब सैनी से सवाल पूछते हुए कुमारी सैलजा ने कहा कि कैथल-करनाल-अंबाला व हरियाणा के अन्य जिलों के युवा रोजगार की तलाश में भटकते हुए यूक्रेन-रूस रूपी मौत की खाई में फंस गए हैं पर देश-प्रदेश में भाजपा सरकार ने बेबस नौजवानों की घर वापसी से मुंह क्यों मोड़ा हुआ है। कब तक कैथल के सात व हरियाणा के सैकड़ों युवाओं को सुरक्षित घर वापस लाया जाएगा? कुमारी सैलजा ने कहा, जब कई महीनों से नौकरी बेचने वाले दलाल हरियाणा के सैकड़ों युवाओं से पैसा वसूल कर विदेशों में धकेल रहे थे, तब तत्कालीन सीएम मनोहर लाल खट्टर व डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला क्यों आंखें मूंदे रहे ?

# डीएवी कॉलेज पूर्व छात्रों की एलुमनी मीट का आयोजन, संजय टंडन ने मुय रूप से लिया हिस्सा

तेजयुग न्यूज

**चंडीगढ़ :** डी ए वी कालेज सेक्टर 10 चंडीगढ़ के पूर्व छात्रों की एलुमनाई मीट का आयोजन कॉलेज के महात्मा आनंद स्वामी ऑडिटोरियम में हुआ। इस अवसर पर भाजपा के वरिष्ठ नेता हिमाचल के सह प्रभारी तथा चंडीगढ़ भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष संजय टंडन जो स्वयं इस कॉलेज के छात्र हैं पूर्व छात्र हैं ने मुख्य रूप से हिस्सा लिया वी उनको डी ए वी अलुमनाइज का प्रधान बनने पर सम्मानित किया गया, पुराने दोस्तों ने अपने विचार एवं अनुभव सांझा किए।



इस अवसर पर प्रिंसिपल प्रोफेसर डॉक्टर रीता जैन ने कहा कि कॉलेज के लिए बहुत ही खुशी का दिन है जब कॉलेज से जुड़े पुराने छात्रों का सम्मेलन आयोजित किया जा रहा है। एलुमनी मीट होना आवश्यक है। इससे पुराने छात्रों को अपने शिक्षण संस्थान में आने का मौका मिलता है। वहां की व्यवस्था को जानने का अवसर मिलता है। साथ ही छात्र जिस संस्थान से पढ़ कर निकले हैं, काफी छात्र बड़े-बड़े ओहदो पर पहुंचते हैं तथा बड़ी संख्या में ऊंचे मुकाम हासिल करते हैं, वे उस संस्थान को बेहतर बनाने के लिए अपना योगदान देते हैं। इस अवसर पर संजय टंडन ने कहा कि आज की इस मीटिंग में शामिल होकर उन्हें बहुत खुशी मिल रही है उन्हें पुराने दोस्तों का वह क्लासमेट्स से मिलने का अवसर मिला है कईयों से तो काफी लंबे अरसे के बाद मिलना हुआ है। सभी के अपने-अपने अनुभव है जो एक दूसरे के लिए प्रेरणादायक हो सकते हैं।

इस अवसर पर राजीव दलाल - पूर्व डीजीपी हरियाणा, सुरेश अरोड़ा डीजीपी, पंजाब, अक्षयभान माननीय न्यायाधीश, पंकज जैन माननीय न्यायाधीश, रमेश नेगी मुख्य सचिव (सेवानिवृत्त), संजय सरदाना, जस्टिस ग्रोवर, को भी सम्मानित किया गया। इनके अलावा ललित जैन आईएएस निदेशक जनगणना उत्तर पश्चिमी क्षेत्र, प्रशांत देष्टा (पीसीएस) संयुक्त सचिव स्वास्थ्य पंजाब सरकार, शशि पाल जैन दैनिक युगमार्ग के प्रबंध संपादक, अनूप गुप्ता पूर्व मेयर चंडीगढ़, विनीत जोशी अध्यक्ष जोशी फाउंडेशन पूर्व मीडिया सलाहकार पंजाब, प्रोफेसर गौरव कलोत्रा भूगोल विभापूर्व अध्यक्ष, सहित अन्य पूर्व छात्र उपस्थित रहे।


## संक्षिप्त समाचार

### संजय टंडन ने होली मिलन कार्यक्रमों में लिया हिस्सा




**चंडीगढ़ :** भाजपा के वरिष्ठ नेता हिमाचल के सह प्रभारी व चंडीगढ़ भाजपा के पूर्व प्रदेशअध्यक्ष संजय टंडन ने आज मिथिलांचल विकास सभा ट्राईसिटी चंडीगढ़ द्वारा संपर्क केंद्र दशहरा ग्राउंड जीरकपुर में आयोजित रंगा रंग होली मिलन समारोह में हिस्सा लिया। इस अवसर पर उन्होंने कहा की पूर्वांचल क्षेत्र से जुड़े अपने पुराने मित्रों से मिलकर खुशी हुई। होली के त्यौहार की ये खूबी है की किसी भी तरह के मनमुटाव या गीले शिकवे होने पर भी उसे भुला कर एक बार फिर से प्यार मोहब्बत से मिल कर हम सब त्यौहार मनाते हैं। इस दौरान सभी आयोजकों को सफल आयोजन के लिए और पूर्वांचलवासियों से होली की शुभकामनाएं साँझा की। कृपानंद ठाकुर, गणेश झा व अन्य लोग भी साथ उपस्थित थे। इसके अलावा बिहार परिषद् चंडीगढ़ द्वारा श्री सनातन धर्म मंदिर, सेक्टर 32-डी चंडीगढ़ में आयोजित होली मिलन समारोह में शिरकत कर गायन मण्डली द्वारा प्रस्तुत होली गायन और फूलों की होली का आनंद उठाया। कार्यक्रम आयोजक उमा शंकर पांडेय अध्यक्ष, अमिताभ द्विवेदी महासचिव, मंडल अध्यक्ष दीपक शर्मा, अभय झा एवं क्षेत्रवासी भी उपस्थित थे।

### नायब सिंह सैनी से मिले संजय टंडन उज्जवल भविष्य के लिए दी शुभकामनाएं



**चंडीगढ़ :** भाजपा के वरिष्ठ नेता हिमाचल के सह प्रभारी व चंडीगढ़ भाजपा के पूर्व प्रदेशअध्यक्ष संजय टंडन ने हरियाणा के नवनियुक्त मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी से मुलाकात कर उनको नई जिम्मेदारी के लिए बधाई दी व उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी। उन्हे अपनी नई पुस्तक सनरेज फॉर वेडनेसडे के हिंदी संस्करण का सेट भेट किया। अवसर पर संजय टंडन ने आशा व्यक्त की की नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में प्रदेश और तरक्की करेगा तथा पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर के द्वारा चलाई गई योजनाओं का अच्छे ढंग से क्रियान्वयन किया जाएगा । उन्होंने सभी प्रदेशवासियों के लिए भी शुभकामनाएं दी। नायब सिंह सैनी ने संजय टंडन का धन्यवाद किया तथा कहा की संजय जी का आशीर्वाद हमेशा मिलता रहा है और आगे भी मिलता रहेगा। उन्होंने विश्वास दिलाया कि पार्टी में जो विश्वास उनमें दिखाया है उस पर खरा उतरने की पूरी कोशिश करेंगे।

### भारतीय एकता मंच ने मजदूरों को सेक्टर 45 में जूते और जुराबे बांटी




**चंडीगढ़ :** भारतीय एकता मंच ने अपनी सामाजिक गतिविधियों को आगे बढ़ाते हुए शनिवार को सेक्टर 45 में गौशाला के पास लेबर चौक में मजदूरों को जूते और जुराबे वितरित की। भारतीय एकता मंच अपनी रजिस्ट्रेशन के बाद से काफी सामाजिक कार्यों में जुटी हुई है और गरीब और जरूरतमंदों की मदद के लिए आगे बढ़ रही है, इसी के तहत भारतीय एकता मंच ने मजदूरों को जूते और जुराबे बांटी। भारतीय एकता मंच के फाउंडर कम चेयरपर्सन नरेंद्र जैतक, फाउंडर कम जनरल सेक्रेटरी पुनीत महाजन ने कहा कि भारतीय मंच का गठन जब से हुआ है तभी से इस मंच से जुड़े हुए सदस्य सामाजिक कार्यों में बढ़ चढ़कर भाग ले रहे हैं और गरीबों और जरूरतमंदों की मदद के लिए हमेशा आगे रहते हैं, इसी के तहत भारतीय एकता मंच के सदस्यों ने फैसला लिया कि मजदूरों को जूते और जुराबे बांटे जाए। इस मौके पर नरिंदर जैतक संस्थापक चेयरपर्सन, पुनीत महाजन संस्थापक महासचिव, भाग सिंह चौहान संस्थापक मुख्य सलाहकार, नीलम कुमारी संयुक्त सचिव, सुभाष गुप्ता चेयरमैन, ममता बंसल उपाध्यक्ष, कविता ठाकुर, सपना, नीरज शर्मा मीडिया सलाहकार, एनके झिंगन सलाहकार और अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

### चंडीगढ़ चार नंबर कॉलोनी में सभी राजनीतिक पार्टियां गरीब जनता को कर रही गुमराह



**चंडीगढ़ :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का बयान 2022 में मिलेंगे सभी को मकान लेकिन लेकिन नहीं मिले अभी तक मकान चंडीगढ़ चार नंबर कॉलोनी के अंतर्गत लोगों को अभी तक मकान नहीं मिला चंडीगढ़ चार नंबर कॉलोनी में सभी राजनीतिक पार्टियों गरीब जनता को सिर्फ गुमराह करती हैं चुनाव में किए गए वादे चुनाव जीतने के बाद सारे ,भूल जाते हैं । यह आम जनता चार नंबर कॉलोनी का आरोप है समाज सेवक सुरेंद्र ठाकुर लगातार प्रयासरत हैं की चार नंबर कॉलोनी में जो लोग रह रहे थे उनको चंडीगढ़ प्रशासन जल्द मकान दे। लेकिन अफसोस भी है उत्तर प्रदेश एवं बिहार के जो भी व्यक्ति शासन प्रशासन में है उनकी सहायता नही करते उन्हें प्रयास करना चाहिए ताकि उन्हें मकान मिल सके।

# चुनाव का बिगुल बज गया, अब केंद्र में और हरियाणा में भी सरकार बदलने का समय : हुड्डा

## कांग्रेस सरकार बनने पर बुजुर्गों को 6000 रुपये बुढ़ापा पेंशन, 500 रुपये में गैस सिलेंडर, 100-100 गज के मुफ्त प्लॉट, 300 यूनिट मुफ्त बिजली मिलेगी

तेजयुग न्यूज

**चंडीगढ़/रोहतक।** महम की नयी अनाज मंडी में आयोजित जन-आक्रोश रैली को संबोधित करने पहुंचे नेता प्रतिपक्ष और हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री चौ. भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने वहां उमड़े जनसैलाब को देखकर अपने अंदाज में कहा कि महम हलके से कांग्रेस को 1 लाख वोटों से जीत के बाद थारी सरकार हम बनवा देंगे।



1 लाख वोटों की जीत तभी होगी जब हर बूथ पर हर वोट पड़े और वोट प्रतिशत 90 फीसदी हो। उन्होंने कहा कि चुनाव का बिगुल बज चुका है, अब हरियाणा में भी सरकार बदलने का समय है। पहले लोकसभा का चुनाव है, फिर विधान सभा का चुनाव आयेगा। नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि उनके दिल में इस बात की टीस है कि जो हरियाणा 2014 से पहले तक प्रति व्यक्ति आय, प्रति व्यक्ति निवेश, कानून-व्यवस्था, खेल-खिलाड़ी, रोजगार देने में नंबर 1 था आज वो हरियाणा बेरोजगारी, अपराध, नशे और भ्रष्टाचार में नंबर 1 बन गया है। भारत सरकार द्वारा जारी सामाजिक प्रगति सूचकांक में कहा गया है कि हरियाणा सबसे असुरक्षित प्रदेशों में से एक है।

पूर्व मुख्यमंत्री हुड्डा ने कहा कि चुनाव के बाद प्रदेश में सत्ता परिवर्तन तय है और कांग्रेस सरकार आने पर बुजुर्गों को 6000 रुपये महीना पेंशन, हर परिवार को 300 यूनिट बिजली फ्री, महिलाओं को 500 रुपये में गैस सिलेंडर, युवाओं के लिए खाली पड़े 2 लाख सरकारी पदों पर पक्की भर्ती, गरीब परिवारों के लिए 100-100 गज के मुफ्त प्लॉट योजना लागू कर उस प्लॉट पर मकान बनाकर देंगे। बेकार के पोर्टलों से छुटकारा दिलायेंगे। गरीब परिवारों को पीला कार्ड देंगे। खेल-खिलाड़ियों के लिये पदक लाओ, पद पाओ की नीति लागू करेंगे। कर्मचारियों के लिये पुरानी पेंशन स्कीम लागू करेंगे। पिछड़ा वर्ग क्रीमी लेयर आय सीमा को 6 लाख से बढ़ाकर 10 लाख करेंगे और जैसे 2005 में सरकार बनने पर हरियाणा से अपराध व अपराधियों का सफाया किया था इस बार भी सरकार बनने पर गुंडे-बदमाशों को हरियाणा से बाहर करेंगे।

कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष चौ. उदयभान ने बीजेपी पर सीधा हमला बोलते हुए उन्होंने कहा कि जुमले बाजों को सबक सिखाने का समय आ गया है। भाजपा झूठी पार्टी है उसने लोगों से किया कोई वायदा पूरा नहीं किया। जबकि कांग्रेस ने जो कहा वो करके दिखाया है। कांग्रेस की सरकार बनने पर किसानों को सी2+50 के आधार पर एमएसपी गारंटी के साथ कर्ज माफी से कर्ज मुक्ति देने का काम किया जाएगा। सांसद दीपेंद्र हुड्डा ने कहा कि चुनाव का बिगुल बज चुका है और आज इस रैली आई रिकार्ड भीड़ ने हरियाणा में बदलाव की नींव रखने का काम किया है। उन्होंने कहा कि ये वो महम है जिसने हमेशा देश और प्रदेश की राजनीति को दिशा दी है।

# यशपाल ठाकुर केश कला एवं कौशल विकास बोर्ड हरियाणा के चेयरमैन नियुक्त

**चंडीगढ़।** हरियाणा सरकार ने ओबीसी समाज का सम्मान बढ़ाते हुए यशपाल ठाकुर को केश कला एवं कौशल विकास बोर्ड का चेयरमैन नियुक्त किया है। यशपाल ठाकुर को चेयरमैन बनाए जाने पर सैन समाज ने मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, पूर्व सीएम मनोहर लाल व भाजपा के शीर्ष नेतृत्व का आभार प्रकट किया है। इधर अपनी नियुक्ति पर यशपाल ठाकुर ने कहा कि जो जिम्मेवारी उन्हें सरकार ने सौंपी है उसे पूरी ईमानदारी व निष्ठा से निभाएंगे। उल्लेखनीय है कि यशपाल ठाकुर भारतीय जनता पार्टी को समर्पित रहे हैं और ओबीसी समाज को एकजुट करने में उन्होंने बड़ी भूमिका अदा की है।

# पीजीआई एमईआर, चंडीगढ़ जैसे उच्च संस्थानों में वैचारिक लोकतांत्रिक ढांचे की हत्या और आत्महत्या के लिए मजबूर

**पीजीआई** एमईआर, चंडीगढ़ उत्तर भारत के मरीजों की संख्या पर प्रमुख कवरेज के साथ देश भर में मरीजों की देखभाल श्रृंखला प्रदान कर रहा है। हर प्रकार के पद अलग-अलग कार्यों जिम्मेदारियों के साथ बनाए गए हैं और प्रत्येक पद रोगी देखभाल सेवाओं को पूरा करने और प्रदान करने के लिए आवश्यक पद है। गैरजिम्मेदार जैसे व्यक्तियों के कारण जिन्होंने सेवाएं प्रदान करने के बजाय लोकतंत्र के वैचारिक ढांचे की हत्या करने का प्रयास किया है, कर्मचारियों के मौलिक अधिकारों का मजाक उड़ाया है, नागरिकों के अधिकारों की रक्षा करने वाले भारत के संविधान के प्रावधानों को बर्बाद कर दिया है, कुप्रबंधन, आवंटित सार्वजनिक धन को बर्बाद कर दिया है स्वीकृत पदों के लिए, समाज को विभाजित करने और सौहार्दपूर्ण माहौल को तोड़ने के लिए जाति, रंग और धर्म पर खराब राजनीति करने से रोगी देखभाल सेवाओं में बाधा उत्पन्न हुई और कर्मचारियों को 'कार्यस्थल पर कार्यबल के दबाव के साथ आत्महत्या करने' के लिए मजबूर होना पड़ा। 03 दिनों के भीतर 02 प्रयास हुए हैं जब कर्मचारियों को आत्महत्या करने के लिए मजबूर होना पड़ा और यह सहकर्मियों के अपने स्वार्थ के लिए घृणित कृत्य के कारण है क्योंकि शीर्ष प्रबंधन ऐसे कृत्यों का समर्थन कर रहा है। इस समय, नर्सिंग कैडर में 350 पद रिक्त हैं, जिन्हें जानबूझकर एक नर्सिंग अधिकारी की साजिश के कारण रोका जा रहा है, जिसने अनारक्षित कर्मचारियों को मूर्ख बनाकर माननीय कैट, चंडीगढ़ के साथ साजिश रची थी। कर्मचारियों की आरक्षित श्रेणी के खिलाफ मामला दर्ज करने के लिए कर्मचारियों की श्रेणी और नर्सिंग कर्मचारियों की पदोन्नति पर रोक लगाने के अंतरिम आदेश हैं, जिसके कारण 350 पद खाली रह गए हैं जो गंभीर रूप से एक अपराध, साजिश और लोकतांत्रिक वैचारिक ढांचे की हत्या है और साजिश के साथ खिलवाड़ है। यह न केवल रोगी देखभाल सेवाओं की हत्या है, बल्कि रोगी देखभाल सेवाओं की हत्या, स्वीकृत पदों का मजाक उड़ाने जैसे कई कृत्यों को अंजाम देने का एक घिनौना प्रयास है, जो पिछले 02 वर्षों से अधिक समय से रिक्त हैं, जिसके परिणामस्वरूप वर्तमान में काम कर रहे कर्मचारियों पर दबाव बढ़ रहा है और नेतृत्व कर रहे हैं। उन्हें आत्महत्या के लिए मजबूर कर रहे हैं।

पीजीआई एमईआर, चंडीगढ़ के लाइजन ऑफिसर ने एक पत्र में इसे 'साजिशपूर्ण' कार्रवाई बताया क्योंकि जो व्यक्ति पीडब्ल्यूडी के रूप में आरक्षण की मांग कर रहा था, वह आरक्षण के खिलाफ मोर्चा बनाने के लिए एफआईआर संख्या 0076 का आरोपी है। एक ही सांस में कितनी गर्मी और कितनी ठंड। उसी व्यक्ति का एक और उदाहरण सामने आया है जहां उसने गीता देवी और अन्य जैसे अनुसूचित जाति के कर्मचारियों को पदोन्नति की अनुमति नहीं देने के लिए मामला दर्ज करने के लिए अनारक्षित कर्मचारियों से धन एकत्र किया और पीजीआई एमईआर, को पद नहीं भरने के लिए रोका और अनुपस्थित रहने के लिए संस्थान के वकील के साथ सांठगांठ की। न्यायालय के समक्ष सुनवाई के परिणामस्वरूप अंतरिम आदेश जारी रहे। साजिश की पराकाष्ठा यह है कि वह अपने खिलाफ अनुशासनात्मक कार्यवाही शुरू करने के केंद्र सरकार के आदेशों के बावजूद निचले स्तर के अधिकारी के माध्यम से दिव्यांग आरक्षण के तहत उनकी पदोन्नति के लिए उनकी डीपीसी आयोजित करने में कामयाब रहे।



हरभजन सिंह भट्टी, अध्यक्ष
पीजीआई कर्मचारी संघ (एनएफ) और मंत्रालयिक एवं सचिवीय कर्मचारी संघ पीजीआई एमईआर चंडीगढ़

ऐसे कई अन्य उदाहरण हैं जहां स्वीकृत पदों को अवैध पदोन्नति देने का प्रबंधन किया गया है और पीजीआई एमईआर को भारी मात्रा में अदालती मामलों का सामना करना पड़ रहा है जहां कर्मचारी अपने योग्य अधिकारों के लिए लड़ रहे हैं। सीमित कार्यबल पर मिश्रित कार्य कराने वाली उच्च संस्था के खिलाफ अभी 1000 से अधिक मामले लंबित हैं। अधिकार का आनंद लेने के लिए पारदर्शिता शब्द को समाप्त कर दिया गया है, लेकिन माननीय सर्वोच्च न्यायालय के ऐतिहासिक फैसले के अनुसार जवाबदेही तय की जानी चाहिए। पीजीआई कर्मचारी संघ (नॉन फैकल्टी) और मंत्रालयिक एवं सचिवीय कर्मचारी संघ उस मामले की सीबीआई जांच और निष्पक्ष जांच की मांग करते हैं, जहां कर्मचारी आत्महत्या करने के लिए मजबूर हैं और दोषी अधिकारियों और साजिशकर्ताओं के खिलाफ तत्काल विभागीय कार्रवाई शुरू की जाए, जो विधायिका, कार्यपालिका और कार्यपालिका के साथ खिलवाड़ कर रहे हैं। हमारे राष्ट्र की न्यायिक मशीनरी। षडयंत्रकारियों के लिए कोई जगह नहीं और केंद्र सरकार के आदेशों के कार्यान्वयन की उच्च मांग है। जाति, रंग और पंथ पर खेलने वाले कार्यकर्ताओं के लिए कोई जगह नहीं। तानाशाही के लिए कोई जगह नहीं। मानवता को आत्महत्या के लिए मजबूर करने वाले अपराधियों के लिए कोई जगह नहीं। पीजीआई एमईआर, चंडीगढ़ के संपर्क अधिकारी की कार्रवाई को ध्यान में रखते हुए तत्काल कार्रवाई की मांग की गई है।

कर्मचारियों के अधिकारों और विशेषाधिकारों से वंचित करने से संबंधित कई बड़े मुद्दे हैं जिन पर केंद्र सरकार द्वारा प्रावधानों और धन आवंटन के बावजूद ध्यान नहीं दिया गया है और उनका पालन नहीं किया गया है। 200 से अधिक घर खाली हैं लेकिन पीजीआई एमईआर, द्वारा अपनाए गए चंडीगढ़ हाउस आवंटन नियमों के विपरीत चल रही अनुचित प्रथाओं के कारण आवंटित नहीं किए जा रहे हैं। उपलब्ध मकान खाली हैं, जिससे सरकारी खजाने को लगभग 15 से 20 लाख से अधिक हर महीने का नुकसान हो रहा है और दूसरी तरफ मकानों का समय पर आवंटन न होने के कारण कर्मचारियों का शोषण हो रहा है। मकानों के रख-रखाव के प्रति शून्य कार्रवाई है। हाल ही में बड़ी आग लगने की घटना घटी, जिससे करोड़ों रुपये का नुकसान हुआ और इससे मानव जीवन की क्षति हो सकती थी, इसका कारण यह है कि बायोमेडिकल इंजीनियरों को अस्पताल इंजीनियरों के निजी और कार्यालय लिपिकीय कार्यों के लिए तैनात किया गया है, बैटरियों का समय रहते कोई रखरखाव नहीं किया गया, जिसके परिणामस्वरूप बड़ी घटनाएं हुईं। बुनियादी सुविधाओं के बिना कार्यस्थल का खराब माहौल और कार्यबल को प्रतिकूल परिस्थितियों में काम करने के लिए मजबूर करना। पिछले वर्ष वर्कशॉप का पूरा कार्यबल डेंगू से ग्रसित हो गया था लेकिन अभी कोई ध्यान नहीं दिया गया।

मॉडल नियोक्ता को ध्यान रखना होगा जब केंद्र सरकार पहले से ही समर्थन कर रही है लेकिन जब संस्थान निकायों के सामने गैर जिम्मेदार अधिकारी के माध्यम से हेरफेर की गई मांगें प्रस्तुत की जाएंगी, तो सरकार उन्हें कैसे स्वीकार कर सकती है। इन दिनों पीजीआई एमईआर, आर के प्रबंधन में खामियां हैं और इससे पहले कि कोई और घटना घटे, केंद्र सरकार के हस्तक्षेप की अत्यधिक आवश्यकता है। जब पीजीआई स्वीकृत और आवंटित संसाधनों से काम नहीं संभाल रहा तो किस मुंह से अधिक की मांग कर रहा है। उपलब्ध संसाधनों के प्रबंधन के लिए सख्त मानदंड की आवश्यकता है और जवाबदेही सुनिश्चित करनी होगी। इस समय शासन सुनिश्चित करना बहुत अधिक आवश्यक है। कर्मचारी रो रहे हैं और उन्हें अब सरकार से समर्थन की जरूरत है।